ADITYA BIRLA
HINDALCO

दिनांक 22.08.2025

सेवा में,
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग,
रेनुकूट–सोनभद्र।

विषयः मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0 रेनुकूट वन प्रभाग के ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण में 61.2348 हे0 गैर वानिकी कार्य के सापेक्ष कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर के घोरावल रेंज अन्तर्गत उपलब्ध कराये गये ग्राम पूरना एवं पेढ़ में कुल 57.559हे0 गैरवन भूमि का भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 में विज्ञप्ति हेतु तरमीमी मानचित्र उपलब्ध कराये जाने के संबंध में ।
(ऑनलाइन प्रस्ताव संख्या FP/UP/IND/39403/2019)

संदर्भः
1. आपका पत्रांक 4339/रेनुकूट/15–31 दि0 20.05.2025 जो यूनिट हेड, हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, रेनुकूट को सम्बोधित है।
2. इस संस्थान का पत्र दिनांक 19.01.2024, 17.02.2024, 10.04.2024, 14.05.2024, 11.07.2024, 15.05.2025, 23.05.2025 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर के कार्यालय में संस्थान के प्रतिनिधि के साथ आयोजित बैठक दिनांक 10.06.2025

महोदय,
कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। आप भलीभॉति अवगत ही है कि प्रश्नगत प्रकरण में उपलब्ध कराई गैर वन भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार वन विभाग के स्वामित्व में है एवं उसकी विज्ञप्ति हेतु हिण्डालको संस्थान को विधिक रूप से कोई अधिकार प्राप्त नहीं है, जिससे कि वह इस सम्बन्ध में स्वतंत्र रूप से कार्यवाही कर सके। भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रकरण में प्रगति हेतु दिनांक 10.06.2025 को संस्थान के प्रतिनिधि द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी, घोरावल रेंज के साथ प्रभागीय वनाधिकारी महोदय, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर के कार्यालय में वार्ता की गई एवं प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। जिसपर प्रभागीय वनाधिकारी महोदय द्वारा यह बताया गया कि धारा–4 में विज्ञप्ति कराये जाने हेतु ग्राम पेढ़ अन्तर्गत प्राप्त गैर वन भूमि का मिलान व सर्वे इत्यादि कार्य सम्बन्धित द्वारा पूर्ण कर लिया गया है तथा ग्राम पुरना में प्राप्त गैर वन भूमि का सर्वे करने का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय वन अधिकारी, घोरावल रेंज को निर्देशित किया गया।

अतः उपरोक्तानुसार आपसे निवेदन है कि उक्त दीर्घकालिक लम्बित प्रकरण में अपेक्षित प्रगति हेतु दिशा–निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

Received
23-08-2025

Vijay Kant

(विजय कान्त दूबे)
हेड–लीगल

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित :–

1. मुख्य वन संरक्षक महोदय, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी महोदय, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर।